## महत्वपूर्ण फोन नं.

पुलिस–100
फायर–101
108–108
राज्य महिला सेल– 0135-2712496
आपदा– 0135-2710664
रेलवे पूछताछ– 131
रोडवेज पूछताछ– 0135-2131309
जन शिकायत– 0135-2655177
दून अस्पताल– 0135-2659355
हिमालय इन्स्टीट्यूट जौलीग्राण्ट– 0135-2471100
महंत इंद्रेश अस्पताल– 0135-25222001
मौसम– 0135-2654269
पर्यटन सूचना केंद्र– 0135-2653217
राजभवन– 0135-2757400
सीएम आवास– 0135-2531533
विधानसभा– 0135-2665801
सचिवालय– 0135-2712042
मीडिया सेंटर विधानसभा– 0135-2666767
मीडिया सेंटर सचिवालय– 0135-2710963
राज्य अतिथि गृह बीजापुर– 0135-2755899
एल.एल.ए. ट्रांजिट हॉस्टल– 0135-2620171
आफिसर ट्रांजिट हास्टल– 0135-2722727
राज्य अतिथि गृह नैनीताल– 05942-235611
राज्य अतिथि गृह हरिद्वार– 01334-225982
द्रोण होटल देहरादून– 0135-2654371
उत्तराखंड निवास दिल्ली– 011-23014263

# डच शहर में शराणर्थी केंद्र के खिलाफ दंगा भड़का

**द हेग,एजेंसी।** डच के छोटे शहर में शरणार्थियों के लिए एक नियोजित केंद्र खोलने के खिलाफ हुए हिसंक प्रदर्शन के दौरान दंगे भड़क गए। डच मीडिया और अधिकारियों ने बताया कि शराणर्थियों की रिकॉर्ड संख्या को लेकर बढ़ते तनाव के बीच डच के कई शहरों और गांवो में हंगामे के दृश्य देखने में आए हैं। हालांकि पुलिस ने हस्तक्षेप कर करीब 1,000 लोगों को तितर–बितर कर दिया जो सोमवार को मध्य हीश में रैली निकाल रहे थे। पुलिस ने यह नहीं बताया है कि कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया है और क्या कोई घायल हुआ है। राजनीतिज्ञ गीर्ट वाइल्डर्स ने मुस्लिम पुरूषों को शराणर्थी केंद्रों में बंद रखने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि नए साल के मौके पर जर्मनी के कोलोन की घटना के बाद ऐसे कदम डच महिलाओं को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी हैं। उनके इस बयान के बाद दंगे भड़के। 'प्रोटेस्ट ए.ज़ेड.सी हीश' नाम के एक फेसबुक पेज ने हीश के टाउन हॉल के बाहर समर्थकों से रैली में शामिल होने के लिए कहा था। नगर के अधिकारियों का मकसद एक जनसभा का आयोजन करना था ताकि अगले दस साल में शहर में करीब 500 शराणर्थियों को बसाने पर चर्चा की जा सके।

# न अजहर अरेस्ट, न जैश पर कार्रवाई

**इस्लामाबाद,एजेंसी।** पठानकोट हमले के मास्टरमाइंड मसूद अजहर को पाकिस्तान ने न तो अरेस्ट किया और न ही नजरबंद। आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद के जिन तीन लोगों को लाहौर से पकड़ा गया है, उनका हमले से कोई लेना–देना नहीं है। पाक ने अजहर या जैश के खिलाफकोई केस दर्ज नहीं किया। जैश के जिन तीन लोगों को पकड़ा गया है, उन पर जिहादी लिटरेचर रखने का आरोप है। अफसरों का कहना है कि मसूद को हिरासत में लेने की खबरें कुछ पाकिस्तानी एजेंसियों की झूठी पब्लिसिटी थी, ताकि भारत का ध्यान भटकाया जा सके। नए खुलासे के बीच, लाहौर में पंजाब के कानून मंत्री राणा सनउल्लाह ने कहा कि पठानकोट हमले की जांच के लिए बनी ज्वाइंट इन्वेस्टिगेशन टीम का काम पूरा होने तक कोई भी इन्फॉर्मेशन पब्लिक नहीं होगी। पाक के लोकल मीडिया ने पिछले हफ्ते कहा था कि जैश–ए–मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर अरेस्ट हो चुका है। खुफिया एजेंसियों ने लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंस के स्टूडेंट उस्मान सरवर, साद मुगल और कासिफ को बीते बुधवार अरेस्ट किया था। भारत ने जो पांच मोबाइल नंबर पाकिस्तान को दिए थे, वे नंबर इन लोगों के बताए गए थे। पाकिस्तानी अफसरों ने 11 जनवरी को इस्लामाबाद के सेक्टर– त्र 10/4 में छापा मारा था। यह घर अजहर के ब्रदर–इन–लॉ अशफाक अहमद का है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, अजहर इसी घर में छिपा हुआ था। उसे पता था कि एजेंसियां उसे पेशावर, बहावलपुर और लाहौर में खोज रही हैं। इसलिए वह इस्लामाबाद में जा छिपा। लेकिन अब कहा जा रहा है कि अजहर की गिरफ्तारी नहीं हुई है। भारत मसूद अजहर के खिलाफ तैयार डोजियर अगले 48 घंटे के भीतर पाकिस्तान को सौंप सकता है। डोजियर में अजहर की आतंकी गतिविधियों की पूरी जानकारी है। इसमें आतंकी जकीउर रहमान लखवी, हाफिज सईद, जैश–ए–मोहम्मद के रउफ अजगर अजहर और अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का नाम भी है। आतंकी संगठन कैसे फंड जुटा रहा है, इसके बारे में भी इनपुट इस डोजियर में है। इंडिया टुडे' की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का कमांडर मुफ्ती असगर ज्यादातर फंड जुटाता है। कमांडर से पाकिस्तान और अरब वर्ल्ड के लोगों से ताल्लुकात रखने वाले लोगों की पहचान करने को कहता है। इसके बाद उनके रिश्तेदारों के अकाउंट के जरिए आतंकी संगठन पैसों का लेन–देन करते हैं। 1–2 लाख रुपए नॉर्मल बैंकिंग चैनल के जरिए भेजे जाते हैं। फिर घाटी में इन अकाउंट्स के जरिए हैंडलर्स और आतंकियों तक पैसा पहुंचता है।

## अमेरिका के नए प्रतिबंधों के बाद ईरान ने दी चेतावनी

**तेहरान,एजेंसी।** ईरान ने नए प्रतिबंध लगाए जाने पर अमेरिका को चेतावनी दी है। उसने इन्हें नाजायज करार दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हुसैन जबेर अंसारी ने कहा है कि ईरान के मिसाइल कार्यक्रम को कभी भी परमाणु बम के लायक नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी रक्षा के लिए परंपरागत हथियार बनाता रहेगा। अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ ने ईरान के खिलाफ परमाणु कार्यक्रम को लेकर 37 साल से लगे आर्थिक प्रतिबंध रविवार को हटा लिए थे। इसके कुछ ही घंटों बाद अमेरिका ने बैलिस्टिक मिसाइल को लेकर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। अमेरिकी वित्त विभाग ने ईरान के 11 लोगों और कंपनियों पर अमेरिकी बैंकिंग सिस्टम के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अंसारी ने कहा, वॉशिंगटन मध्य पूर्व में अपने सहयोगियों को हर साल अरबों डॉलर के हथियार बेच रहा है। ये सहयोगी इनका इस्तेमाल फिलिस्तीन, लेबनान और यमन के नागरिकों के खिलाफ युद्ध के तौर पर कर रहे हैं।चीन ने धर्म के नाम पर धोखाधड़ी रोकने के लिए ऑनलाइन डेटा तैयार किया है। सोमवार को इससे संबंधित वेबसाइट लॉन्च की गई। पहली सूची में 870 तिब्बती बौद्ध भिक्षुओं के नाम और उनकी जानकारी है। उपाध्यक्ष थुब्तेन खेदरूप ने कहा कि इस प्रामाणिकता के आने से वे बहुत खुश हैं।




कोटद्वार में आडी फाउंडेशन और हिमालयन अस्पताल के नेत्र चिकित्सा कैंप में उपस्थित लोग

## कोटद्वार में लगा चार दिवसीय नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा कैंप


**कोटद्वार।** पौड़ी जनपद के कोटद्वार क्षेत्र में आरडी फाउंडेशन और हिमालयन अस्पताल के सौजन्य से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आरडी फाइंडेशन के राजीव धर ने बताया कि 19 से 22 जनवरी तक चलने वाले कैंप में कोटद्वार, दुधारखाल, सतपुली और द्वारीखाली में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में हिमालय अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों के ऑखों का निशुल्क चिकित्सा परीक्षण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आरडी फाउंडेशन जिन ग्रामीणों को चश्मा लगना है उन्हें चश्मा निशुल्क वितरण कर रहा है।

# फ्रांसीसी लेखक माइकल टर्नियर का निधन

**पेरिस,एजेंसी।** प्रख्यात फ्रांसीसी लेखक माइकल टर्नियर का पेरिस के समीप उनके आवास पर 91 साल की उम्र में निधन हो गया। लारेन्ट फैलीशियस ने सोमवार को बताया ''उन्होंने सोमवार को स्थानीय समयानुसार शाम सात बजे अपने परिवार वालों के बीच अंतिम श्वास ली।'' समझा जाता है कि टर्नियर ने लॉरेन्ट को गोद लिया था। पेरिस के चोइसेल गांव के मेयर ने टर्नियर के निधन की पुष्टि की। करीब 550 लोगों की आबादी वाले इस गांव में कैथोलिक धर्म के अनुयायी टर्नियर ने अपने जीवन के 50 साल बिताए थे। टर्नियर को फ्रांस में 20वीं सदी के उत्तरार्ध के सर्वाधिक प्रभावशाली लेखकों में से एक माना जाता था। वर्ष 1970 में अपनी रचना ''द अर्ल किंग'' के लिए टर्नियर ने प्रतिष्ठित प्रिक्स गॉनकोर्ट पुरस्कार जीता था। ''द अर्ल किंग'' उपन्यास का मुख्य किरदार एक ऐसा व्यक्ति है जो बच्चों को नाजी प्रशासन में भर्ती करता है। दशकों बाद टर्नियर ने आर्थर मिलर, गुंटेर ग्रास, गैबरियल गार्सिया मरकेज और अन्य बड़े लेखकों के साथ मिल कर 2004 में ''टेलिंग टेल्स'' नामक एक लघुकथा संग्रह तैयार किया जिसकी बिक्री से मिली राशि दक्षिण अफ्रीका में एचआईवी..एड्स पीड़ितों के इलाज और इस बीमारी के खिलाफ अभियान में खर्च की गई।

# किडनैपिंग कांड: तीनों लड़कियां लौटीं घर

**लखीमपुर,एजेंसी।** लखीमपुर के सिंगाही में शनिवार रात किडनैप हुई तीन लड़कियों को बरामद कर लिया गया है। करीब 50 घंटे से ज्यादा चले सर्च ऑपरेशन के बाद पुलिस और एसटीएफ की ज्वाइंट टीम को ये सफलता हाथ लगी। लखीमपुर एसपी अखिलेश चौरसिया ने इस खबर की पुष्टि की है। हालांकि, अभी उन्होंने इस बात का खुलासा नहीं किया है कि लड़कियों को कहां से बरामद किया गया। जानकारी के मुताबिक, कारोबारी रामबली गुप्ता के घर में शनिवार रात करीब 10 बजे 6 बदमाश घुसे थे। बदमाशों ने घर के बाहर आग सेंक रहीं गुप्ता की तीन बेटियों उपमा (24), रोहिणी (19) और संतोषी (17) को बंदूक की नोंक पर किडनैप कर लिया। लड़कियों की मां के अलावा नौकरानी भी मौजूद थी। बदमाशों ने रामबली गुप्ता के बारे में भी पूछताछ की थी। लड़कियों को छोड़ने के लिए 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई थी। इसके बाद लड़कियों के पिता ने किडनैपर्स के खिलाफ आईपीसी के सेक्शन 364–ए के तहत केस दर्ज कराया। फिरौती के लिए किडनैपर्स ने रविवार सुबह बिजनेसमैन की बड़ी बेटी के मोबाइल से फोन किया था। लखीमपुर खीरी के सीओ मोहम्मद इब्राहिम ने बताया था, फिरौती मांगने के बाद से लड़की का मोबाइल बंद था। टीम दुधवा के जंगल में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। सीएम अखिलेश यादव ने भी पीड़ि?त परिवार से बात कर लड़कियों को सुरक्षित वापस लाने का भरोसा दिया था। बिहार के पूर्णिया जिले के रुपौली से जदयू विधायक बीमा भारती के पति अवधेश मंडल को दोबारा गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अवधेश के कई साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब है कि अवधेश रविवार रात को पुलिस कस्टडी से फरार हो गया था, जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। अवधेश को कस्टडी से भगाने का आरोप विधायक पत्नी बीमा भारती और पूर्णिया के जदयू सांसद संतोष कुशवाहा पर लगा था। बीमा भारती ने कहा कि पता नहीं अवधेश कैसे फरार हो गए। पत्नी होने के नाते उनसे थाने मिलने गई थी। डीएसपी के रवैये से लगा कि वे उनको छोड़ने को तैयार नहीं हैं। रात होने से ठंड बढ़ रही थी, जिसके कारण मैं लौट आई। अवधेश की गिरफ्तारी की खबर रविवार शाम 6 बजे आई, जबकि एसपी निशांत तिवारी ने रात 8 बजे इसकी पुष्टि की। थाने में तनाव मुक्त घूम रहे मंडल को देखकर कहीं से भी यह नहीं लगता था कि उन्हें गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिसकर्मी कभी थाने के पोर्टिको में तो कभी कैंपस के कोने में ले जाकर उनसे बतियाते रहे। अधिकारी का फोन आया तो वहां मौजूद पुलिस अफसर ने कहा– प्रमुख साहब, जरा गाड़ी के पास आइए फोटो लेना है।



अपनी आने वाली फिल्म एयरलिफ्ट का प्रमोशन करने पहुंचे अभिनेता अक्षय कुमार और निमरत कौर।

## प्रथम पेज का शेष

**तेज रफ्तार से पिघल रहे हैं ग्लेशियर**–लिये भी आवाजाही बंद नहीं हो पाई है। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण के निचले क्षेत्रों में ठंड काफी बढ़ जाती थी, लेकिन इस बार ठंड का अहसास नहीं हो रही है। जनवरी माह को गुजरने में कुछ ही दिन का समय रह गया है, लेकिन न तो उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है और न निचले क्षेत्रों में बारिश। बारिश न होने के कारण काश्तकारों की फसलों को भी भारी नुकसान हो रहा है। साथ ही जिले का पर्यटन व्यवसाय भी बारिश न होने के कारण प्रभावित हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों में पर्यटक स्थल, चोपता, दुगलविटटा, देवरियाताल आदि स्थानों में खूब बर्फबारी होती थी, जिससे देशी–विदेशी पर्यटक भारी संख्या में यहां पहुंचते थे, इस वर्ष बर्फबारी न होने के कारण पर्यटक भी कम संख्या में यहां पहुंचे हैं।

**एसपी उस रात 'पेमेंट' लेने गए थे?**–जांच अफसर सलविंदर की विदेश यात्राओं और वहां हुए लेन देन की छानबीन में भी लगे हैं। इस लिहाज से दूसरी एजेंसियों की मदद भी लेनी पड़ सकती है। सलविंदर ने अभी तक कुछ भी स्वीकार नहीं किया है। वह जांच अफसरों के सवालों के जवाब या तो घुमा देता है या जवाब देता ही नहीं है।अपनी सिक्यॉरिटी और ड्राइवर की बजाए बॉर्डर एरिया में, घनी रात में कुक और एक जूलर को साथ क्यों ले गए? इसका सही जवाब सलविंदर से नहीं मिला है। जांच अफसरों ने यह भी पूछा है कि एक जूलर एसपी रैंक के बड़े अफसर की गाड़ी ड्राइव करने की हिम्मत कैसे कर सकता है? आखिर ऐसी पक्की दोस्ती क्यों और किस आधार पर? क्या इसलिए कि ड्रग खेप पार कराने के बदले जूलरी के रूप में मिलने वाले पेमेंट की सही पहचान जूलर दोस्त से करा ली जाए? ऐसे ही कई सवालों पर सलविंदर बौखलाया भी है, लेकिन अभी तक जांच अफसरों की लाइन के हिसाब से कुछ नहीं बोला है।सूत्रों के मुताबिक, सलविंदर का पॉलीग्राफ टेस्ट होने के बाद आगे की लाइन तय की जा सकती है।

**बक्सों में छिपकर पहुंचते हैं लोग यूएस**–35 लाख रुपये बर्बाद हो गए, जिसमें से 26.5 लाख तो उन्होंने ट्रैवल एजेंट को ही दिये थे। इसके बाद उन्होंने 8,000 डॉलर की लीगल फी भरी और दूसरे खर्चे किये। उन्होंने बताया, मुझे कोई पैसा वापस नहीं मिलास लेकिन दूसरी बर ट्राई करने का मौका मिला। क्योंकि मेरा एक दोस्त अपने दूसरे अटेम्प्ट में ही यूएस पहुंचा था और फिर पकड़ा गया था। उन्होंने कहा, यूएस पहुंचने के लिए सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला रूट मेक्सिको का है क्योंकि यहां इमिग्रेशन कानून अलग हैं। लेकिन लोग अधिकतर तब पकड़े जाते हैं जब वे अलग राज्यों में पहुंचते हैं। मुझे तब धरा गया था जब मैं टेक्सस में घुस गया था। अलग–अलग जगह रुककर यात्री ट्रैवल एजेंट्स के आदमियों से मिलते हैं या उन्हें फोन के जरिये अलग–अलग जगहों पर रिश्वत देने के लिए कहा जाता है। नाम न बताने की शर्त पर एक एजेंट ने बताया, अलग–अलग रूटों का इस्तेमाल किया जाता है। क्योंकि अलग–अलग देशों में अलग–अलग रैकेट काम करते हैं और स्थानीय कानूनों में होने वाले बदलाव के आधार पर अपनी स्ट्रैटिजी में बदलाव करते रहते हैं।

# दलित बच्चे के बाल काटने से नाई ने किया इनकार

**अहमदाबाद,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125वीं जन्मशती मनाने की तैयारी कर रहे हैं वहीं देश में दलितों के साथ भेदभाव की खबरें लगातार आ रही हैं। हैदराबाद यूनिवर्सिटी में एक दलित छात्र की आत्महत्या के बाद ताजा मामला अब गुजरात का है। आरोप है कि यहां एक तीन साल के बच्चे के बाल काटने से सिर्फ इसलिए इनकार कर दिया गया क्योंकि वह दलित था। वाकया पीएम मोदी के होमटाउन मेहसाणा से महज 8 किलोमीटर दूर कारबातिया गांव का है। मामले में वडनगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, नरेश परमार को उस समय जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ा जब 12 जनवरी को वह अपने बेटे दीप (तीन साल) को नाई की दुकान पर ले गए। परमार का आरोप है कि पहले तो नाई ने उन्हें थोड़ी देर इंतजार करने को कहा इसके बाद दरबार समुदाय के एक शख्स की कॉल के बाद उसने बच्चे के बाल काटने से इनकार कर दिया।परमार एक डायमंड वर्कर हैं, उन्होंने बताया,पहले मैं अपने बच्चे को बाल कटाने के लिए वडनगर लेकर जाता था और वहां जाने में ही 50 रुपये खर्च हो जाते थे। इसलिए इस बार मैं उसे गांव में एक स्थानीय नाई की दुकान पर ले गया लेकिन उन्होंने बाल काटने से इन्कार कर दिया।

## भावना की मां का खुलासा: उसने कहा था–जा रही हूं, न्यूज देखना

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अरविंद केजरीवाल पर इंक अटैक करने वाली लड़की भावना अरोड़ा की मां लक्ष्मी देवी के मुताबिक, मुझे उसने यह नहीं बताया था कि वह क्या करने जा रही है। बस यही कहा था कि आज न्यूज चैनल जरूर देखते रहना। सोमवार को रोहिणी कोर्ट ने उसे एक दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया। घटना रविवार की है। जब ऑड–ईवन स्कीम की कामयाबी को लेकर जनता का शुक्रिया अदा करने के लिए केजरीवाल ने छत्रसाल स्टेडियम में एक प्रोग्राम रखा था। उसी दौरान भावना मंच के करीब पहुंचीं। केजरीवाल की तरफ कागज उछाले और स्याही फेंक दी। इसके बाद केजरीवाल ने मंच से ही कहा, 'उनको छोड़ दीजिए। वे किसी घोटाले की बात कर रही हैं। उनसे कागज ले लीजिए। भावना को रविवार रात पुलिस ने मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। मजिस्ट्रेट ने रातभर के लिए भावना को पुलिस निगरानी में घर भेज दिया और सोमवार सुबह दोबारा पेश होने को कहा। सोमवार को भी कोर्ट ने पुलिस को एक दिन की कस्टडी दी। भावना का कहना है कि ऑड–ईवन से पहले घोटाला हुआ है। स्टिंग की सीडी वह सीएम को देना चाहती थी। लेकिन कुछ लोग उसे मिलने नहीं दे रहे थे।

## पहाड़ी सड़क से गुजरते हुए बस के नदी में गिरने से 16 की मौत, 10 घायल

**लीमा,एजेंसी।** पेरू में एक बस के पहाड़ी सड़क से गुजरते हुए नदी में गिर जाने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। जूनिन क्षेत्र के पुलिस के प्रवक्ता जोस मेन्डोजा ने बताया कि सोमवार को बस यात्रियों को लेकर पिचानाकी शहर जा रही थी लेकिन चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस सड़क पर फिसल कर 35 मीटर गहरी तारमा नदी में जा गिरी। हादसे में दस यात्री घायल भी हुए हैं। मेन्डोजा के अनुसार शुरूआती जांच से पता चला कि चालक तेज गति से बस चला रहा था और मोड़ पर उसने नियंत्रण खो दिया। पेरू में आए दिन जानलेवा हादसे होते हैं क्योंकि वहां यातायात नियमों को कड़ाई से लागू नहीं किया।

## झोपड़पट्टी में रहने वाली बच्ची की ऑस्ट्रेलियन कपल ने बदल दी किस्मत

**वडोदरा,एजेंसी।** हाल ही में वडोदरा घूमने आए एक ऑस्ट्रेलियन कपल ने एक गरीब बच्ची की पढ़ाई और उसके परिवार की आर्थिक मदद की जिम्मेदारी ली है। विदेशी युगल ने उसके लिए 30 हजार रुपए भी भेजे हैं और झोपड़–पट्टी में रहने वाले इस परिवार को किराए का मकान भी दिलाया है। ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले डिक स्मिथ और उनकी पत्नी पिछले दिनों वडोदरा घूमने के लिए आए थे। इस दौरान वे पंड्या ब्रिज के पास से गुजर रहे थे। तभी उन्होनें ब्रिज के नीचे स्थित इंदिरानगर की झोपड़–पट्टी में दिव्या नाम की बच्ची को दयनीय हालत में देखा। स्मिथ झोपड़–पट्टी में पहुंचे और अपने एक भारतीय दोस्त की मदद से उसके व परिवार का हालचाल जाना। स्मिथ दिव्या के माता–पिता को यह भरोसा दिलाकर वापस चले गए कि वे दिव्या की पढ़ाई–लिखाई का खर्च उठाने के लिए हर महीने 10 हजार रुपए भी भेजेंगे।

इसके कुछ दिनों बाद स्मिथ के ऑस्ट्रेलियन दोस्त क्रिश अपनी पत्नी जेसिका के साथ वडोदरा पहुंचे। दोनों दिव्या और उसके परिवार से मिले। स्मिथ ने इन्हीं के हाथों दिव्या के परिवार के लिए 30 हजार रुपए भेजे थे। इतना ही नहीं, इस बारे में दिव्या के पिता और पेशे से मजदूर शंकर महीडा ने बताया कि डिक स्मिथ और उनकी पत्नी ने उनके परिवार की दशा को बदलकर रख दिया है।

## ईरान स्पेन में रिफाइनरी बनाने पर विचार कर रहा है: मंत्री

**ब्रसेल्स।** ईरान अपना कच्चा तेल उत्पादन बढ़ाने और नए बाजारों की तलाश के लिए स्पेन में रिफाइनरी बनाने पर विचार कर रहा है। यह बात स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल गार्सिया–मार्गेलो ने कही। गार्सिया मार्गेलो ने सोमवार को ब्रसेल्स में ईरान परमाणु समझौते के कार्यान्वयन का स्वागत करने के बाद कहा, ''ईरान स्पेन में रिफाइनरी की स्थापना की संभावना का अध्ययन कर रहा है।'' मंत्री ने कहा कि स्पेन रूस की प्रमुख तेल कंपनी रॉसनेफ्ट के साथ समझौते करने की कगार पर पहुंच गया था लेकिन यूक्रेन संकट के मामले में रूस पर यूरोपीय संघ के प्रतिबंध से यह बाधित हो गया।

# दो साल में बनेगा नया झारखंड भवन : रघुवर

**रांची,एजेंसी।** झारखंड की गर्वनर द्रौपदी मुर्मू और सीएम रघुवर दास ने सोमवार को दिल्ली के गोल मार्केट और गुरुद्वारा बंग्ला साहिब के समीप नए झारखंड भवन के निर्माण के लिए संयुक्त रूप से भूमि पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के हृदय स्थल पर झारखंड का दूसरा भवन बनाने में राज्य की सवा तीन करोड़ जनता को बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस भवन का निर्माण अप्रैल माह में शुरू होगा और अगले दो वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री वैंकेया नायडू और रविशंकर प्रसाद का नए झारखंड भवन में सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सांसद कड़िया मुंडा, भूपेन्द्र यादव, बीडी राम, मांडर की विधायक गंगोत्री कुजूर, सीएस राजीव गौबा, प्रधान स्थानिक आयुक्त यूपी सिंह सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस भवन का क्षेत्रफल लगभग एक एकड़ (5606 स्क्वायर मीटर) होगा। प्रस्तावित नया झारखंड भवन आधुनिक सुविधाओं (वाई फाई, टेली कांफ्रेंसिंग) आदि से युक्त होगा। भवन में कुल चार तल्ले होंगे जिसमें पचास कमरों के अलावा राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के अलग अलग सूईट होंगे। सीएम ने कहा कि मैं निजी तौर पर मानता हूं कि झारखंड इस देश का पावर स्टेट है और हर दृष्टिकोण से झारखंड देश के विकास में अपनी महती भूमिका निर्वहन करने की शक्ति रखता है।

बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी आलिया सिद्दीकी ने हाउसिंग सोसाइटी के पांच लोगों के खिलाफ फसाद करने और धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए जवाबी प्राथमिकी (काउंटर एफआईआर) दर्ज कराई है। इससे पहले नवाज की हाउसिंग सोसाइटी में ही रहने वाली महिला हीना शेख ने उनके खिलाफ दुर्व्यवहार की शिकायत दर्ज कराई थी। हीना शेख का आरोप था कि पार्किंग की जगह को लेकर हुए विवाद पर नवाज ने उन्हें धक्का दिया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। हीना ने नवाज के खिलाफ यह शिकायत वर्सोवा थाने में रविवार को दर्ज कराई थी। हालांकि नवाज के प्रबंधक ने इन आरोपों का खंडन किया है। नवाज के प्रतिनिधि ने बताया, 'हमने पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है, जो रविवार को हमारे कार्यालय में जबरन घुस आए। महिलाओं को पहले प्राथमिकी दर्ज कराने का अधिकार होता है, इसलिए हीना ने इसका लाभ उठा लिया, नवाज के खिलाफ सभी आरोप गलत हैं।" पार्किंग स्थल की स्थिति इतनी खराब थी कि नवाज ने उसकी लगभग आधी जगह की मरम्मत करवाई और उसकी देखभाल कर रहे हैं।